PeaK

हाई पीक

बाजार में उपलब्ध फॉस्फोरस-पोटैशियम की सबसे उच्च मात्रा वाला उर्वरक

0	44	44
N	P_2O_5	K_2O

Foliar Feed | Drone application | Fertigation | High purity

विवरण

आईसीएल हाई पीक बाजार में सबसे अधिक पोटैशियम एवं फॉस्फोरस की मात्रा (88%) वाला उर्वरक है। पूरी तरह से घुलनशील, फॉस्फोरस और पोटैशियम (P&K) के संतुलित अनुपात के साथ, यह पौधों को पोषक तत्वों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यह एक शुद्ध, 100% पानी में घुलनशील उर्वरक है जिसमें कोई क्लोराइड या अन्य अशुद्धियाँ नहीं हैं। हाई पीक एक कम नमक-सूचकांक वाला उर्वरक है जो विभिन्न प्रकार की फसलों के विकास और पकने के चरणों में लिए सुझाया जाता है।

संबंधित प्रौद्योगिकियां

पैकेसीड तकनीक

यह तकनीक फॉस्फोरिक एसिड के फायदे और दक्षता के समावेश के साथ ही एक ठोस क्रिरस्टलीय स्वरुप में उपलब्ध होने की सहजता और सुरक्षा प्रदान करता है। कृषि के लिए पारंपरिक तरीके से उपयोग में लाये जाने वाले तकनीकी अम्लों की जगह लेकर पैकेसिड (एक "एसिड इन बैग" उत्पाद) एक आसान, सुरक्षित और अधिक प्रभावी निषेचन प्रक्रिया को सम्भव करता है। इसकी अम्लीय प्रकृति के कारण, पैकेसिड न केवल फसलों में पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाता है बल्कि सिंचाई प्रणालियों पर एंटी-क्लॉगिंग (अवरुद्ध नलिकाओं की सफाई) का प्रभाव भी डालता है।आईसीएल अपने कई (पानी में) घुलनशील सूत्रीकरणों में पैकेसिड तकनीक का उपयोग करता है।

पैकेसिड तकनीक के बारे में और जानें

लाभ

कम नमक सूचकांक के साथ क्लोराइड और अन्य अशुद्धियों से मुक्त

- बाजार में सबसे अधिक मात्रा वाला (88%) फास्फोरस और पोटैशियम उर्वरक
- इसका क्रिरस्टलीय एवं बारीक कण रहित रूप उर्वरक को मुक्त-प्रवाह रखता है
- कम तापमान पर भी खेत के जल में में जल्दी और उत्तम रूप से घुलनशील
- 680 g/L की घुलनशीलता के साथ, हाई पीक ® अन्य उत्पाद जैसे 'पी एन' और 'एम् के पी' की तुलना में अधिक घुलनशील है
- उपयोग करने के लिए सुरक्षित, और गैर-खतरनाक

उपयोग की मात्राएं

उत्पाद का सुझाया गया विलयन दर: 10-15 किग्रा /100 लीटर जल

न्यूनतम औसत	10 किग्रा/एकड़
अधिकतम औसत	20 किग्रा/एकड़

यह सलाह दी जाती है कि फसल की स्थिति और पोषक तत्वों की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की मात्रा निर्धारित करे| आवेदन दर को बदलने से पहले छोटे पैमाने पर परीक्षण करने की सिफारिश की जाती है, क्योंकि परिस्थितियां भिन्न हो सकती हैं। अनुशंसित आवेदन दर हमारे नियंत्रण से परे हो सकती है, इसलिए, किसी भी प्रतिकूल परिणाम के लिए आईसीएल को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

प्रयोग विधि

1. हाइड्रोपोनिक्स में उपयोग के लिए उपयुक्त, जहां इसे आसानी से पौधों की पोषक तत्वों की आवश्यकता अनुसार मिलाया जा सकता है
2. इसका तटस्थ पीएच 7 इसे मिट्टी और पत्तेदार उर्वरक के रूप में उपयोग करने के लिए उपयुक्त बनाता है। यह फाइटो-टॉक्सिक नहीं है और फसलों के लिए सुरक्षित है
3. नाइट्रोजन मुक्त, फलों के बनने के चरण में नाइट्रोजन पर पूर्ण और स्वतंत्र नियंत्रण को संभव बनाता है
4. यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया अपने स्थानीय आईसीएल सहयोग से संपर्क करें

ध्यान

अपनी फसलों की चालकता या अनुपात की आवश्यकताओं के अनुसार समायोजित करते हुए, इस घोल के साथ अपने सिंचाई के पानी की मात्रा बढ़ाएँ। दर, या किसी अन्य मात्रा को बदलने से पहले किसी छोटे पैमाने पर उसका परीक्षण करें, क्योंकि आपकी परिस्थितियां भिन्न हो सकती हैं और हमारे उत्पादों का अनुप्रयोग हम नियंत्रित नहीं कर सकते। ऐसे में आईसीएल को किसी भी प्रतिकूल परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

https://icl-growingsolutions.com/hi-in/agriculture/products/peak-hi-peak/
: 12/05/2024